बजट घोषणा 2013–14

क्र.सं.	घोषणा संख्या	घोषणा
1.	187.	जयपुर, जोधपुर तथा अलवर में केन्द्र सरकार के वित्तीय सहयोग से भारतीय खेल प्राधिकरण के ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किये जायेंगे, जिन पर लगभग 55 करोड़ रू. की लागत आयेगी। इसके अतिरिक्त, सवाई मानसिंह स्टेडियम परिसर, जयपुर में विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु आगामी वर्ष 5 करोड़ रू. का प्रावधान प्रस्तावित है।
2.	**188.**	राज्य क्रीड़ा परिषद के माध्यम से, राष्ट्रीय, राज्य, जिला एवं विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु वर्ष 2013–14 में 15 करोड़ रू. का प्रावधान प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2013–14 में राजस्थान युवा बोर्ड के माध्यम से प्रदेश में एक राज्यस्तरीय युवा सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। साथ ही, आगामी वर्ष राज्य क्रीड़ा परिषद को 3 करोड़ रू. की अतिरिक्त सहायता राशि उपलब्ध करवाई जायेगी।
3.	**189.**	झुन्झुनु में पी.पी.पी. मॉडल के स्थान पर राजकीय क्षेत्र में ही खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया गया है तथा इसी सत्र में विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु सदन में बिल लाया जाना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2013–14 में जयपुर में स्पोर्टस् स्कूल स्थापित किया जायेगा, जिसके लिये 3 करोड़ रू. का प्रावधान प्रस्तावित है। आगामी वर्ष बीकानेर स्थित सार्दुल स्पोर्टस् स्कूल के भवन, छात्रावास एवं खेलकूद के मैदानों के जीर्णोद्धार हेतु 3 करोड़ रू. की राशि उपलब्ध करवाई जायेगी।